अबवेलाह्

अबवेलाह्

अबवेलाह् मुझे घुमाने के लिए बस में ले जाती हैं.
हम नगर में हर ओर घूमते हैं.

अबवेलाह् मेरी नानी हैं.
वह मेरी माँ की माँ हैं.
स्पैनिश में अबवेलाह् का अर्थ
होता है नानी-माँ.
इस देश में आने से पहले जिस जगह
वह बढ़ी हुई थीं वहाँ लोग
स्पैनिश भाषा बोलते हैं इसलिए
अबवेलाह् अधिकतर स्पैनिश ही बोलती हैं.

आज हम पार्क जा रहे हैं.
“यह पार्क बहुत सुंदर है,” अबवेलाह् ने कहा.
मैं जानती हूँ कि वह क्या कह रही हैं.
मुझे भी लगता है कि यह पार्क बहुत सुंदर है.

“कितने पक्षी हैं,” अबवेलाह् बोली, जब
पक्षियों के एक झुंड ने हमें घेर लिया.
यहाँ बहुत पक्षी हैं.
जो रोटी हम लाये थे पक्षी चुग कर खा रहे हैं.

अगर पक्षी मुझे पकड़ लें
और उठा कर पार्क के ऊपर
आकाश में ले जायें तो?
अगर मैं उड़ सकती तो?
अबवेलाह् हैरान हो जाती कि
मैं कहाँ चली गई हूँ.
पक्षी की तरह मैं नीचे आती
और उन्हें पुकारती.

तब वह मुझे आकाश में उड़ता हुआ देखतीं.
रोज़लबा, एक पक्षी.
“रोज़लबा पक्षी है,” वह कहतीं.
“आओ अबवेलाह्, आओ,” मैं कहती.
“हाँ, मैं उड़ना चाहती हूँ,” अबवेलाह् उत्तर देतीं
वह उड़ कर आकाश में आ जातीं
और उनकी स्कर्ट हवा में लहराती.

हम सारे नगर के ऊपर उड़ान भरते.
“देखो,” नीचे संकेत करते हुए अबवेलाह् कहतीं

पार्क और रास्तों, कुत्तों और लोगों के
ऊपर उड़ते हुए मैं नीचे देखती

बस की प्रतीक्षा में खड़े लोगों का हम हाथ
हिला कर अभिवादन करतीं.
“शुभ प्रभात,” हम कहतीं.
“शुभ प्रभात,” ऊपर हमें देख कर वह कहते.
हम कारखानों और रेलगाड़ियों के ऊपर उड़तीं...

और हम सागर के पास उड़ती जातीं.
“सागर के बिलकुल पास,” हम कहतीं.
सागर की लहरों को हम लगभग छूती हुई जातीं

अबवेलाह् की स्कर्ट पाल बन जाती.
पाल-नौकाओं के साथ वह रेस लगातीं.
मुझे विश्वास है कि वह जीत जातीं.

हम उड़ कर वहाँ चली जातीं जहाँ जहाज़ खड़े होते हैं और जिस जगह में अबवेलाह् बढ़ी हुई थीं वहाँ से आये फलों को जहाज़ों से
उतारते हुए मज़दूरों को देखतीं.
मैंगोज़, ब्नानाज़, प्पायाज़-
यह सब स्पैलिश शब्द हैं.
जैसे रोदियो, पैतिओ, बुर्रो भी स्पैनिश हैं.
शायद हमें अबवेलाह् का कज़न क्रेन पर डिब्बे लटकाता हुआ दिख जाता.
हम ने एक बार उनके कज़न डेनियल को जहाज़ पर समान उतारते-चढ़ाते हुए देखा था.

बंदरगाह में खड़े जहाज़ों के आगे हमें
स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी दिखाई देता.
"मुझे अच्छा लगा," अबवेलाह् कहतीं.
अबवेलाह् को सच में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी अच्छा लगता है.
मुझे भी अच्छा लगता है.
हम स्टैच्यू के चारों ओर उड़तीं और
वहाँ आये पर्यटकों का हाथ हिला कर अभिवादन करतीं.
स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी देखकर अबवेलाह् को उस दिन की
याद आती जब वह इस देश में आई थीं.

“चलो, हवाई अड्डे की ओर चलें,” वह कहतीं.
वह मुझे उस हवाई अड्डे पर ले जातीं जहाँ हवाई जहाज़ उन्हें पहली बार इस देश में लाया था.
“सावधान,” अबवेलाह् मुझे कहतीं.
हवाई अड्डे के ऊपर घूमते समय हमें सावधान रहना होगा.

फिर हम उड़ कर पैब्लो और एलिज़ा के स्टोर तक जा सकते थे. पैब्लो मेरे चाचा और एलिज़ा मेरी चाची हैं. जब हम उड़ कर उनके स्टोर के अंदर जाते तो वह आश्चर्यचकित हो जाते. लेकिन वह ठंडा नींबू पानी हमें पीने के लिए देते. उड़ना बहुत मेहनत का काम है.

“मैं और उड़ना चाहती हूँ,”
अबवेलाह् कहतीं.

वह और उड़ना चाहती हैं.
मैं भी और उड़ना चाहती हूँ.

हम उड़ कर बादलों के पास जा सकते थे.
एक बादल बिल्ली जैसा दिखता है.
एक भालू जैसा दिखता है.
एक कुर्सी जैसा दिखता है.
"कुछ देर आराम करें,"
अबवेलाह् कहतीं.
वह कुछ देर आराम करना चाहती हैं.
हम अपनी कुर्सी में बैठ कर आराम करते.
अबवेलाह् मुझे अपनी बाहों में पकड़े रखतीं.
सारा आकाश हमारा घर है, हमारा घर.

हम आकाश में उतनी ऊँचाई पर होते
जितनी ऊँचाई पर हवाई जहाज़, बैलून
और पक्षी होते हैं और नगर की ऊँची इमारतों
से भी ऊँचे. लेकिन उन इमारतों को देखने के लिए
हम वहाँ भी उड़ कर जाते.

हम उस इमारत को ढूँढते
जहाँ मेरे पिता काम करते हैं.

“हैलो पापा,” मैं हाथ हिलाती और कहती.
और खिड़कियों के सामने से उड़ते हुए
अबवेलाह् प्रसन्नता में कलाबाज़ी करतीं.

“देखो,” अबवेलाह् को ऐसे पुकारते मैं सुनती हूँ.
“देखो,” वह मुझे कह रही हैं.

मैं देखती हूँ,
और हम पार्क में वापस आ गई हैं.

हम झील के किनारे चल रही हैं.

अबवेलाह् शायद नाव में सवारी करना चाहती हैं.

“चलो, एक और साहसिक अभियान पर चलते हैं,”

वह कहती हैं.

वह एक अन्य साहसिक अभियान पर जाना चाहती हैं.

अबवेलाह् की यही बात मुझे बहुत प्यारी लगती है.

साहसिक कार्य उन्हें अच्छे लगते हैं.

अबवेलाह् मेरा हाथ पकड़ लेती हैं.

“आओ चलो” वह कहती हैं.

“चलो, चलते हैं.”

समाप्त